देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ का सालाना टर्नओवर 500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर तीन हजार करोड़ करने का लक्ष्य।
- चमोली और देहरादून जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी; प्रशासन मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त करने में जुटा।
- देहरादून के जिलाधिकारी ने किसनपुरी में अवैध रिजॉर्ट निर्माण से नदी का रूख बदलने के कारण सरकारी संपत्ति हुए नुकसान पर उच्च स्तरीय जांच की संस्तुति की।
- और, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के दल ने हरिद्वार में मनसा देवी पहाड़ी पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण किया।

हिमाला जल

उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ का सालाना टर्नओवर 500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत संघ जल्द ही ''हिमाला जल'' नाम से बोतलबंद पानी बाजार में उतारेगा और हरिद्वार में मिनरल वाटर प्लांट स्थापित करेगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारी संघ की योजना प्रदेश में बायो–फर्टिलाइजर और फिनायल निर्माण इकाइयों की स्थापना करने के साथ ही 500 सहकारी क्रय केंद्र खोलने की है, जहां किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सीधे गांव स्तर पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में 100 करोड़ रुपये की नई व्यावसायिक योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

डॉक्टर रावत ने कहा कि राज्य के सभी ब्लॉकों में सामूहिक सहकारी खेती से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया जा रहा है और स्थानीय कृषि उत्पादों को "लोकल से ग्लोबल" बाजार तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक हरिद्वार की ओर से महिला और स्वयं सहायता समूहों को ब्याजमुक्त ऋण के चेक वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं को बिना गारंटी के 21 हजार रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण, वरिष्ठ नागरिकों को भारत दर्शन और चारधाम यात्रा के लिए ऋण और विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण की योजना की घोषणा की गई।

राहत कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर देहरादून जिला प्रशासन आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में जुटा है। कल छमरौली गांव में करीब 300 लोगों को हेलीकॉप्टर से खाद्य सामग्री पहुंचाई गई। फूलेत गांव से एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को एयर एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। कार्लीगाड, मजयाडा और सेरा गांव में गैस सिलेंडरों के साथ सितंबर और अक्टूबर महीने का राशन एक साथ वितरित किया गया। जिलाधिकारी सविन बंसल स्वयं राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और प्रभावितों तक मदद पहुंचाई जा रही है।

उधर, चमोली के नंदानगर क्षेत्र में भी राहत और बचाव कार्य जारी हैं और लापता लोगों की तलाश की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रशासन द्वारा प्रभावितों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मूलभूत सेवाओं की बहाली

अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू कार्यों के बाद अब देहरादून जिला प्रशासन बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सेवाओं को बहाल करने में जुटा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने मालदेवता, किसनपुरी, केशरवाला और कोठालगेट में क्षतिग्रस्त सड़क और पुलों का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग को जल्द यातायात बहाल करने के निर्देश दिए।

कोठालगेट के पास क्षतिग्रस्त पुल पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर बेली ब्रिज का निर्माण कर मसूरी क्षेत्र की जनता को राहत दी है, जिससे हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

किसनपुरी बांडावाली में अनधिकृत रिजॉर्ट निर्माण से नदी का रुख मोड़ने और सड़क बह जाने से छह करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए उच्च स्तरीय जांच की संस्तुति की है। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि प्रभावित सड़कों और पुलों की मरम्मत जल्द पूरी कर लोगों की सुविधाएं बहाल की जाएं।

जीएसटी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी सुधार आम आदमी के लिए ऐतिहासिक दिवाली को उपहार हैं और इससे उनकी आर्थिकी में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से दैनिक जरूरत की वस्तुएं पहले से कम कीमत पर मिलेंगी।

प्रत्यूष कांत ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे शैंपू, हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, बटर, घी, डेयरी प्रोडक्ट्स पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टैक्स दरों में कमी से आम आदमी की क्रय शक्ति बढ़ेगी, उद्योगों को मजबूती मिलेगी और रोजगार की नई संभावनाएं पैदा होंगी।

श्री कांत ने इसे ''नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म'' बताते हुए कहा कि इसका लाभ किसानों से लेकर व्यापारियों तक हर वर्ग को मिलेगा।

## विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

बारिश के कारण हरिद्वार में मनसा देवी की पहाड़ी पर तीन बार भूस्खलन हुआ है, जिससे करीब हिल बाइपास सड़क और आसपास की पहाड़ियों में दरारें आ गई हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा, भूस्खलन की जांच के लिये राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने टीम भेजी और प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण किया। इसकी रिपोर्ट के आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाई जाएगी और भूस्खलन से आए मलबे की सफाई की जाएगी। साथ ही बाईपास रोड की मरम्मत भी की जाएगी।

## पुनर्विचार याचिका

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काठगोदाम में वर्ष 2014 में सात वर्षीय नन्हीं बच्ची से हुए दुष्कर्म मामले में उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निचली अदालत और उच्च न्यायालय से दोषी को सजा मिल चुकी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से बरी होने पर सरकार मजबूत पैरवी के साथ पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केस को मजबूती से लड़ा जाएगा और सर्वोत्तम कानूनी टीम लगाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और न्याय की इस लड़ाई में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

## बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियां

पौड़ी जिले के श्रीनगर नगर निगम ने बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विद्युत, पेयजल, शौचालय, सड़क, यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था पुख़्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में साहसिक खेल, फूड फेस्टिवल, मैजिक शो, बच्चों के मनोरंजन स्थल और व्यापारियों के स्टॉल आकर्षण होंगे। स्थानीय लोक कलाकारों और संस्कृति को भी विशेष महत्व दिया जाएगा।

उन्होंने सिटी बस संचालन को सुचारु बनाए रखने और मेले को आधुनिकता के साथ जोड़कर पर्यटन, व्यापार और मनोरंजन का केंद्र बनाने पर जोर दिया।

बैठक में पार्किंग और आवारा गोवंश की समस्या पर विशेष चर्चा हुई। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने वेस्ट टू वंडर पार्क और मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा पार्किंग, पेयजल, विद्युत, शौचालय और पुलिस कंट्रोल रूम जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

चमोली के नंदानगर क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि की ख़बर और उससे हुए नुकसान की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– नंदानगर में भारी बारिश के बाद आए मलबे ने मचाया कहर, रेस्क्यू ने बच्चे समेत पांच लोगों को मलबे से निकाला। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के हवाले से लिखता है– आपदा पीड़ितों को तत्काल पहुंचाए मदद।

एक अन्य ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– उत्तराखंड में इस साल की मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से होगा मिलान; मतदाता सूची का होगा पुनरीक्षण।